# सिंधिया के प्रयासों से सहकारी केंद्रीय बैंक को मिली 50 करोड़ की वित्तीय सहायता

## विधायक देवेंद्र जैन ने जताया मंत्री सिंधिया, मुख्यमंत्री यादव व सहकारिता मंत्री सारंग का आभार, अष्टमी के दिन सिंधिया ने किसानों को दिलवई बड़ी राहत

**शिवपुरी ब्यूरो।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एक बार फिर अपने संसदीय क्षेत्र की जनता के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। आज नवरात्रि के शुभ अवसर पर अष्टमी तिथि के शुभ दिन पर शिवपुरी के किसानों व आम जन के लिए बड़ी राहत भरी खबर आई। जब सिंधिया के प्रयासों से शिवपुरी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को प्रदेश सरकार की ओर से 50 करोड़ की तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्णय को स्वीकृति मिली है। यह सहायता उस संकट की घड़ी में आई है जब बैंक गबन के मामलों के कारण वित्तीय संकट से गुजर रहा था। यहां बता दे कि शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन ने विधानसभा सत्र के दौरान यह प्रश्न उठाया था जिसको मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व मुख्यमंत्री मोहन यादव ने गंभीरता से लिया और यह राशि मंजूर हुई। विधायक देवेंद्र जैन ने मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया व मुख्यमंत्री मोहन यादव व सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग का आभार व्यक्त किया है। विधायक देवेंद्र जैन ने विधानसभा में प्रश्न लगाया और मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को भी इस बारे में अवगत कराया। इसके बाद शिवपुरी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को दिसंबर 2024 में पत्र लिख वित्तीय सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया था। तीन महीने के अंदर ही मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्य प्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित के माध्यम से शिवपुरी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक को रु 50 करोड़ की वित्तीय सहायता देने की मंजूरी दी है। इससे हजारों किसानों, छोटे व्यापारियों और गरीब जमाकर्ताओं को राहत मिलेगी। विधायक देवेंद्र जैन ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों को एक बहुत बड़ी सौगात दी गई है। गरीब किसानों की पूंजी के 80 करोड़ में से 50 करोड़ की राशि मंजूर हुई है जिससे अब उनको बड़ी राहत मिलेगी। सिंधिया ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में किसानों के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की थी। अब यह राहत राशि किसानों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि बैंक पर खाद, बीज एवं कृषि से जुड़ी जरूरतों की आपूर्ति हेतु क्षेत्रीय निर्भरता अत्यधिक है।



**केंद्रीय मंत्री सिंधिया की मेहनत रंग लाई, हफ्ते में सातों दिन चलेगी ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी**

ग्वालियर चंबल क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग इस बार नवरात्रि में पूरी हुई। बता दें कि क्षेत्रवासियों लंबे समय से मांग कर रहे थे कि ग्वालियर से भोपाल तक जाने वाली इंटरसिटी जो वर्तमान में हफ्ते में सिर्फ 5 दिन चलती है उसको प्रतिदिन चलाया जाए। इस मांग का संज्ञान लेते हुए मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिख ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी को प्रतिदिन चलाने की मांग की थी। उन्होंने जुलाई 2024 में पत्र लिखा था और कुछ महीनों के अंदर अंदर ही इस मांग को रेल मंत्रालय एवं मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंजूरी दी है। अब तक ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस (12198/97) केवल पाँच दिन ही संचालित होती थी, सिंधिया के प्रयासों से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसकी फ्रीक्वेंसी बढ़ाकर प्रतिदिन कर दी गई है। अब ग्वालियर चंबल के यात्री प्रतिदिन भोपाल तक की सुगम यात्रा कर सकेंगे। इस फैसले से ग्वालियर-चंबल संभाग के निवासियों को सीधे भोपाल के लिए बेहतर कनेक्टिविटी, अधिक यात्रा विकल्प और सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ग्वालियर भोपाल ट्रेन को हफ्ते में सातों दिन चलाने की मंजूरी देने के लिए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद किया।

**पूर्व नप अध्यक्ष रविन्द्र शिवहरे ने भी जताया आभार**

कोलारस। कोलारस के सहकारी बैंक में घटित हुए 80.52 करोड रूपये के वित्तीय घोटाले के 3 वर्ष बाद भी सहकारी बैंक पटरी पर नहीं आ सका था। हजारों किसानों की जमा पूंजी सहकारी बैंक में लटकी हुई थी और उसे पाने के लिए सभी खाताधारक बीते 3 साल से सहकारी बैंक के चक्कर काट रहे थे। उक्त मामले को शिवपुरी विधायक देवेन्द्र जैन ने विधानसभा में भी उठाया और इस घोटाले में सम्मलित सभी दोषियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए राशि वसूली की भी मांग की थी। काफी प्रयासों के बाद केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की नजर सहकारी बैंक की बिगडती वित्तीय व्यवस्था पर पडी और उन्होनें शिवपुरी जिले के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से 50 करोड रूपये की राशि स्वीक्रत करा दी है। पूर्व नप अध्यक्ष रविन्द्र शिवहरे ने केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के इस सार्थक प्रयास को किसान हितैषि बताया है। जो किसान सहकारी बैंक में अपनी जमा पूंजी के लिए चक्कर काट रहे थे अब उन्हें शीघ्र ही उनका पैसा वापस मिल जाएगा। साथ ही 50 करोड रूपये की राशि आने से म्रत पडा हुआ सहकारी बैंक भी जीवित हो जाएगा। जिससे आगामी समय में किसानों को आसानी से उधारी पर खाद, बीज मिल सकेगा। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 50 करोड रूपये स्वीक्रत कराकर पूरे शिवपुरी जिले के किसानों को एक नई उर्जा प्रदान की है। जिसके लिए कोलारस के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविन्द्र शिवहरे ने प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव व केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का दिल से आभार व्यक्त किया है।

# कड़बा और अप्रिय सत्य होता है असत्य से बढ़कर खतरनाक : आचार्य विजय पुण्य रक्षित

## धर्मसभा में आचार्य श्री ने बताया कि जुबान पर लगाम न लगाने से हुआ था महाभारत



**शिवपुरी ब्यूरो।** किसी भी धर्म शास्त्र को उठा लें सभी धर्म सत्य बोलने की शिक्षा देते हैं। जैन धर्म में पहला महाब्रत्त सत्य भाषण हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी सत्य को आध्यात्मिक जीवन के लिए उपयोगी मानते हैं, लेकिन यह भी ध्यान रहे कि सत्य बोलो लेकिन उसकी सीमाऐं भी हमें पहचानी होगी। ऐसा सत्य नहीं बोलना चाहिए जो कड़बा हो और दूसरे के हृदय पर घाव करे। ऐसा सत्य भी नहीं बोलना चाहिए जो हितकारी न हो। उक्त उदगार शिवपुरी पधारे प्रसिद्ध जैनाचार्य विजय पुण्य रक्षित सुरिजी महाराज ने समाधि मंदिर पर आयोजित रात्रिकालीन धर्मसभा में व्यक्त किए। धर्र्मसभा में उन्होंने जुबान पर लगाम नामक विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला और बताया कि द्रोपदी ने अपनी जुबान पर लगाम नहीं लगाई और यह कहा कि अंधे के पुत्र अंधे होते हैं जिससे महाभारत हुआ। उन्होंने बताया कि जुबान शरीर का ऐसा अंग है जो कभी बूढा नहीं होता और हाथ, पैर, आंख और कान दो-दो हैं लेकिन जुबान सिर्फ एक हैं परन्तु काम दो करती है। प्रेरणादायी रात्रि प्रवचन में उन्होंने जुबान की व्याख्या करते हुए कहा कि टंग इज ऑलवेज यंग। सभी अंग बूढे होते हैं, लेकिन जुबान कभी बूढी नहीं होती। इसलिए उस पर हमें नियंत्रण रखना चाहिए। किसी की प्रशंसा, किसी की निंदा, आंदोलन, अधिवेशन, वाद विवाद, भजन कीर्तन, उपदेश आदि सभी का मूलवाणी है। मन के विचार वाणी द्वारा ही व्यक्त होते हैं। वहीं व्यक्ति संसार में सुखी होता है जो एक-एक शब्द तौल-तौल कर बोलता है। ज्यादा बोलने से अच्छा है कि हम मौन ही रहें। सत्य बोलें लेकिन प्रिय और हितकारी बोलें कम बोलें। मीठा बोलने से किसी को डायबिटीज नहीं होती है और कटू बोलने से किसी की डायबिटीज ठीक नहीं होती हैं। उन्होंने काव्यात्मक अंदाज में कहा कि लगा सको तो बाग लगाना सीखो, आग लगाना क्या सीखो। बिछा सको तो फूल बिछाना कांटे बिछाना मत सीखो। जला सको तो दीप जलाना, दिल जलाना मत सीखो। धर्मसभा के पश्चात शिवपुरी के श्रावकों ने आचार्य श्री से शिवपुरी में चार्तुमास करने की बिनती की और शिवपुरी पधारने पर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# ऐतिहासिक होगा पार्टी का स्थापना दिवस पखवाड़ाः भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव

## भाजपा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर पत्रकारवार्ता आयोजित

**शिवपुरी ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस से लेकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती तक होने वाले कार्यक्रमों को लेकर होटल नक्षत्र में शनिवार को एक पत्रकार वार्ता का आयोजन हुआ। इस पत्रकारवार्ता में जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजू बाथम, महामंत्री गगन खटीक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरवीर रघुवंशी, उपाध्यक्ष पवन जैन, किशन मुद्गल, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश गुप्ता, कार्यालय मंत्री राजीव जैन उपस्थित रहे। वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने कहा? कि 6 अप्रैल हमारी पार्टी का स्थापना दिवस है और स्थापना दिवस को हमें एक भव्य उत्सव की भांति मनाना है। हमें अपने घर और आस पड़ोस से लेकर समाज के हर वर्ग के बीच स्थापना दिवस का उत्सव मनाना है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का झंडा रोहण करेंगे। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में भव्य तरीके से स्थापना दिवस मनाया जाएगा जिसमें कार्यालय की साज-सज्जा की जायेगी तथा संगठन संबंधी यात्रा की प्रदर्शन लगाई जायेगी। इसके अतिरिक्त 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर प्राथमिक सदस्यों के साथ कार्यक्रम करने हैं 8 एवं 9 अप्रैल को मंडल अथवा विधानसभा स्तर पर समस्त सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा। इन्हीं कार्यक्रमों के साथ-साथ 7 से 13 अप्रैल तक मंडल स्तर पर समस्त वरिष्ठ नेताओं, समस्त जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम चलो अभियान का कार्यक्रम होगा जिसके अंतर्गत मंदिर अस्पताल एवं स्कूलों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, लाभार्थियों से संपर्क करना है, आंगनवाड़ी, गौशालाओं, प्राथमिक चिकित्सालय, पशु चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को देखना है, जल स्रोतों की सफाई करनी है, सामाजिक नेताओं से संपर्क करना है तथा वरिष्ठ नेताओं विशेष रूप से मीसा एवं डीआरआई बंदियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। 14 अप्रैल डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर एक पूर्व उनकी प्रतिमाओं तथा स्मारकों की सफाई की जायेगी तथा जयंती के दिन उनका माल्यार्पण तथा मिष्ठान वितरण किया जाएगा, संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ होगा, आंगनबाड़ी एवं अनुसूचित जाति बस्तियों में पेयजल एवं साफ-सफाई की चिंता करनी है।



# कोलारस पुलिस ने 32 मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा, 2 गौवंश की मौत, 30 को कराया मुक्त



**शिवपुरी ब्यूरो।** कोलारस थाना पुलिस ने फोरलेन भेडफ़ार्म के पास से एक गौवंश से भरे ट्रक को पकड़ा है। ट्रक में ठूंस-ठूंस भरे 32 नग गौवंश को बरामद किया गया जिसमें से 2 की मौत हो गई वहीं 30 गौवंश को मुक्त कराया गया। पुलिस को देखकर आरोपी चालक फरार हो गया जिसके खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कोलारस टीआई रवि चौहान के अनुसार आज मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि पडोरा झांसी कोटा फोरलाईन राजू ढावा के पास भेडफ़ार्म के पास ट्रक क्रमांक एमपी 09 डीएम 7269 में डबल स्टोरी कर उक्त ट्रक में क्रूर्ता पूर्वक गाय के पशु भरे हुये खड़ा हुआ है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मय फोर्स के टीम तैयार कर मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर पहुंचे जहां ट्रक खड़ा दिखा पुलिस की गाड़ी आता देखकर आरोपी चालक मौके से भाग गया । उक्ट ट्रक की तिरपाल निकालकर देखा तो उसमें क्रूर्ता पूर्वक 32 नग बैल भरे हुये थे जिनमें से दो मृत अवस्था में व 30 जिन्दा मिले। मौके पर ट्रक व बछडों को पुलिस कब्जे लिया गया एवं उक्त बछड़ों को गौरी गौशाला ग्राम भडौता में अस्थाई सुपुर्दगी पर छोडे गये। ट्रक चालक के विरुद्ध प्रथक से अपराध धारा 11 पशुओं क्रूर्ता अधि., 4,6,9 म.प्र. गौवंश प्रतिषेध अधिनियम का पंजीबद्ध किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरी. रवि चौहान, उनि. सौरभ तोमर, सउनि. गनेश्वर पैंकरा, प्र.आर. दिलीप सिंह, प्र.आर. नरेश दुबे, प्र.आर. डैनी कुमार, प्र.आर. सुभाष यादव, आर. राहुल परिहार, आर. ओमसिंह, आर. दीपक जाट, आर. देशराज राठौर, आर. नाहरसिंह, आर. सौरभ पचौरी, आर.चा. बलराम मोगिया की विशेष भूमिका रही।

# इंदार पुलिस ने किया अंधेकत्ल का खुलासा, 12 घंटे के भीतर आरोपी गिरफ्तार



**शिवपुरी ब्यूरो।** इंदार थाना पुलिस ने 12 घंटे के भीतर ही अंधे कत्ल की पर्दाफाश किया है। आरोपी भतीजे के मृतक चाचा की पत्नी से अवैध संबंध थे जिसका पता उसके चाचा को लग गया था जिस कारण आरोपी भतीजे ने चाचा की हत्या कर दी थी। इंदार थाना प्रभारी दिनेश सिंह नरवरिया के अनुसार 4 अप्रैल को को कुटवारा से पगारा जाने वाले कच्चे रास्ते पर मेशी जाटव निवासी कुटवारा का शव मिला था जिस पर से उसके पिता जगदीश जाटव स/ह चिंटू जाटव उम्र 55 वर्ष नि. कुटवारा थाना इन्दार जिला शिवपुरी की रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरूध्द अप.क्र. 73/25 धारा 103 (1),238 बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया था। थाना इंदार द्वारा अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु टीम गठित की गई। आज दिनांक को अज्ञात आरोपी को ज्ञात कर आरोपी कमल उर्फ छोटू जाटव पुत्र ब्रजेश उर्फ बिरजू जाटव उम्र 20 साल निवासी ग्राम कुटवारा थाना इंदार जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर उसके द्वारा स्वयं के मृतक चाचा मेशी जाटव की पत्नि के साथ अवैध सम्बंध थे जिसका शक अपने चाचा मेशी जाटव को हो जाने से आरोपी द्वारा अपने चाचा मेशी जाटव की हत्या करना बताया जिस पर से आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी दिनेश सिंह नरवरिया, उनि धर्मेन्द्र जाट (सायबर सेल) सउनि बजरंग सिंह जादौन, सउनि जयनारायण, प्रधान आरक्षक वहीद खान, प्रधान आरक्षक जितेन्द्र सिंह जाट, प्रधान आरक्षक रवि कन्नोजी, प्रधान आरक्षक विकास चौहान (सायबर शाखा), आरक्षक महेश सिंह, आरक्षक दिलीप शाक्य, आरक्षक शेलेन्द्र सिंह की अहम भूमिका रही।

# सफाई कर्मचारियों की हड़ताल का पांचवां दिन, पूर्व मंत्री, कांग्रेस जिलाध्यक्ष, पोहरी विधायक पहुंचे धरना स्थल पर

## पूर्व मंत्री ने कलेक्टर की भूमिका पर सवाल उठाए

**शिवपुरी ब्यूरो।** नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल पांचवें दिन भी जारी है। कर्मचारी की एनपीएस मामले में 70 लाख रुपए के कथित घोटाले की मांग की जांच करने कह रहे हैं। साथ ही वे कर्मचारियों के ट्रांसफर पर रोक और हटाए गए कर्मियों की बहाली चाहते हैं। धरना स्थल पर पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता केपी सिंह कक्काजू ने पहुंचकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकार की इच्छाशक्ति के बिना कोई समाधान संभव नहीं है। उन्होंने कर्मचारियों को मुख्यमंत्री निवास पर धरना देने का सुझाव दिया। कलेक्टर की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे अकेले इतने बड़े मामले को नहीं निपटा सकते। उन्होंने सहकारिता बैंक घोटाले का भी जिक्र करते हुए कहा कि पीड़ित उपभोक्ताओं को मात्र 2000 रुपए दिए जा रहे हैं। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, जिलाध्यक्ष विजय सिंह चौहान और पोहरी विधायक कैलाश कुशवाहा भी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया। हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ गई है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं। नगर पालिका प्रशासन और भाजपा नेताओं की चुप्पी से कर्मचारी नाराज हैं।



# नेपरी बृजगढी रोड पर ब्रॉडगेज पुल के नीचे के पानी निकासी के लिए पक्का नाला बनाने की मांग को लेकर किसान करेंगे पदयात्रा, तहसील पर प्रदर्शन कर देंगे ज्ञापन



**कैलारस।** नेपरी बृजगढी रोड पर ब्रॉडगेज रेलवे पुल की ऊंचाई कम होने से रोड पर 200 - 200 मीटर की दूरी से ढलान देकर पुल के नीचे रोड बनाया है। जिससे पुल के नीचे 3 से 4 फुट पानी हमेशा भर रहा है। बर्षात में पानी अधिक भरने से राहगीरों का रास्ता बंद हो जाता है जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सितम्बर माह में किसानों ने वहीं पर डेरा डाल कर आन्दोलन किया। तब कहीं प्रशासन ने पानी निकासी के लिए कच्चा नाला बनाकर,जल निकासी की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की। पक्का नाला बनाने का प्रशासन द्वारा आर्श्वासन दिया गया। परंतु अभी तक पक्के नल का निर्माण नहीं कराया गया है। पक्का नाला नहीं होने से पानी अभी भी रुका हुआ है। बर्षात में पहले से भी बदतर हालात होगी। पूर्व में जल भराव के चलते एक बच्चे की मृत्यु भी हो चुकी है। सैकड़ो वाहन खराब हो गए हैं। इस सब के बाद भी प्रशासन अपने आश्वासन के अनुसार पक्के नाले का निर्माण नहीं करा रहे हैं। जिससे क्षेत्र के रहवासियों में आक्रोश है। नेपरी बृजगढी रोड पर ब्रॉडगेज पुल पर पानी निकासी के लिए पक्का नाला बनाने एवं नेपरी बृजगढी रोड के तिराहे पर अधूरे रोड़ को पूरा करने की मांग को लेकर किसान ,आम जनता ने इकठ्ठा होकर 11 अप्रैल को 10 बजे से पदयात्रा करने का निर्णय लिया है। पदयात्रा जल भराव के स्थान से ही शुरू होगी जो कैलारस तहसील कार्यालय पर समाप्त होगी। पदयात्रा में सैकड़ों की संख्या में किसान, छात्र व नौजवान भाग लेंगे। रेलवे अंडरब्रिज क पर हुई बैठक में गयाराम सिंह धाकड़, जगन्नाथसिंह पूर्व जनपद सदस्य, बृजराज सिंह सिकरवार, भौरूलाल धाकड़, अमृतलाल धाकड़, मातादीन धाकड़, बृजवीर सिंह सिकरवार, गिरवर धाकड़, भरोषी धाकड़, जितेंद्र जाटव, महेश जाटव, राकेश धाकड़ आदि किसान छात्र व नौजवानों ने भाग लिया।पदयात्रा और ज्ञापन की बाद भी मांग पूरी नहीं होने की दशा में आंदोलन को तेज करने और आगे बढ़ने का संकल्प भी किसानों की सभा में लिया गया है। किसानों ने जल भराव स्थल पर एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश भी प्रकट किया है।

# बीच शहर में तेन्दुए का हमला, किसान घायल

## खेत में काम कर रहा था कृषक, तेन्दुए को लोगों ने भगाया



**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी के फतेहपुर क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक तेंदुए ने किसान पर हमला कर दिया। वार्ड क्रमांक-15 में कपिल धाकड़ के खेत में यह घटना हुई। सोनेराम धाकड़ थ्रेसर चलाने के लिए खेत में आया था। वह जैसे ही थ्रेसर के पास पहुंचा, सीताराम धाकड़ की प्याज की फसल में छिपे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। तेंदुए के गुर्राने और झपटने से सोनेराम गिर गया। हालांकि, वह तेंदुए के पंजों से बच गया। खेत में मौजूद अन्य लोगों ने लाठियां लेकर शोर मचाया। इससे तेंदुआ डरकर भाग गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, तेंदुआ बाद में धाकड़ मोहल्ला और ग्रीन व्यू होटल के आसपास भी देखा गया। इस घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है।

# मारपीट कर अपमान किया

**मुरैना,कांस।** कैलारस थाना क्षेत्र में एक दलित की मारपीट कर जातिय अपमान करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के शेखपुर में रहने वाले धर्मवीर पुत्र रामसिंह जाटव अपने घर के पास था कि उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी राधे त्यागी व योगेन्द्र त्यागी ने दलित युवक की मारपीट कर जातिय अपमान कर दिया। थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर से आरोपियो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

